ओ खाटू वाले कर दो मेरा काम रे भजन लिरिक्स

ओ खाटू वाले,
कर दो मेरा काम रे,
रात दिन जपूँ मैं तो,
तेरा नाम रे,
ओ खाटु वाले,
कर दो मेरा काम रे।bd।

दीनो के तुम सेठ साँवरे,
हारे के तुम साथी,
जिसने तेरी अलख जगाई,
उसकी विपदा काटी,
मैं भी हार के आया,
बाबा तेरे धाम रे,
ओ खाटु वाले,
कर दो मेरा काम रे।bd।

दुनिया में तेरी करुणा के,
मैंने बहुत सुने है चर्चे,
अपने प्रेमी को बाँटे,
तू हाथों हाथ पर्चे,
करुणानिधि हाथ,
इस सेवक का थाम रे
ओ खाटु वाले,
कर दो मेरा काम रे।bd।

काम कोई ऐसा मुश्किल नाही,
जो तू कर ना पावे,
तेरे भरोसे दूर दूर से,
प्रेमी दौड़े आवे,
'रूबी रिधम' की अर्ज़ी,
तू सुन ले श्याम रे,
ओ खाटु वाले,
कर दो मेरा काम रे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ खाटू वाले,
कर दो मेरा काम रे,
रात दिन जपूँ मैं तो,
तेरा नाम रे,
ओ खाटु वाले,
कर दो मेरा काम रे।bd।

Singer – Janvi Aggarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com